सोमवार
25 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 105 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

### उपमुख्यमंत्री ने किया राजगीर मलमास मेला का निरीक्षण

# श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं की सराहना



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने रविवार को राजकीय राजगीर मलमास मेला-2026 के दौरान मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रह्मकुंड क्षेत्र, आवासन स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का निरीक्षण किया और प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि 17 मई से प्रारंभ हुए राजकीय मलमास मेला-2026 में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की है। ब्रह्मकुंड सहित पूरे मेला परिसर में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न आवासन स्थलों पर श्रद्धालुओं के ठहरने, विश्राम, स्वच्छ शौचालय, पेयजल और साफ-सफाई की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। साथ ही वृद्ध, दिव्यांग एवं असहाय श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। व्हीलचेयर की सहायता से श्रद्धालुओं को ब्रह्मकुंड तक पहुंचाने तथा स्नान कराने में विकास मित्र और आपदा मित्र सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

प्रशासन द्वारा ब्रह्मकुंड क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। स्नान के दौरान सीढ़ियों से सुरक्षित उतरने और वापस लौटने में आपदा मित्र, पुलिसकर्मी और दंडाधिकारी सेवा भाव से सहयोग कर रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए जिग-जैग कतारों में खड़े श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की सतत व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन, मिस्ट स्प्रे और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कर लोगों को राहत प्रदान की जा रही है।

श्रद्धालुओं के मनोरंजन एवं आध्यात्मिक वातावरण को बनाए रखने के लिए जिग-जैग क्षेत्र के समीप स्थापित एलईडी स्क्रीन पर भक्ति गीतों का प्रसारण किया जा रहा है। इससे लंबी कतारों में प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालुओं को भी सकारात्मक और आध्यात्मिक माहौल का अनुभव हो रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मेला क्षेत्र, यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण की लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष तैयारी और त्वरित कार्रवाई दल भी तैनात किए गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मेला क्षेत्र में कई स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए गए हैं। एंबुलेंस, आवश्यक दवाइयों और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को निःशुल्क एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सके।

उपमुख्यमंत्री ने प्रशासनिक तैयारियों की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए किए गए प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर सहित कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि मलमास मेला की समाप्ति तक सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहेंगी और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

# नालंदा विश्वविद्यालय में SCO महासचिव का आगमन, साझा बौद्ध विरासत पर जोर



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। विश्व प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय में रविवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के महासचिव नुरलान यरमेकबायेव एवं उनके प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत किया गया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के आमंत्रण पर भारत यात्रा पर आए एससीओ महासचिव का नालंदा विश्वविद्यालय आगमन विश्वविद्यालय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर माना जा रहा है। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षा, संस्कृति, सतत विकास तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा और विचार-विमर्श आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सतत विकास, नेट-ज़ीरो पहल, 'सहभागिता' कार्यक्रम, बौद्ध विरासत संरक्षण और क्षेत्रीय सहयोग जैसे विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं के साथ महासचिव और उनके प्रतिनिधिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक भी हुई। बैठक में ज्ञान-विनिमय, सांस्कृतिक संवाद, विरासत संरक्षण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

अपने संबोधन में एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव ने सदस्य देशों की साझा बौद्ध विरासत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विरासत विभिन्न देशों के बीच सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी पहल के तहत साझा बौद्ध विरासत को शंघाई सहयोग संगठन के एक नए सहयोगात्मक स्तंभ के रूप में शामिल किया गया था। इस पहल का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करना है।महासचिव ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय न केवल भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का प्रतीक है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर बौद्ध अध्ययन, सांस्कृतिक संवाद और शैक्षणिक सहयोग का एक प्रमुख केंद्र भी बनकर उभर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एससीओ देशों की साझा बौद्ध विरासत के संरक्षण, अध्ययन और प्रसार में नालंदा विश्वविद्यालय की भूमिका भविष्य में और अधिक महत्वपूर्ण होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि बौद्ध विरासत मध्य एशिया, रूस, मंगोलिया और चीन जैसे देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने बताया कि इन देशों में आज भी बौद्ध समुदाय सक्रिय और समृद्ध रूप से मौजूद हैं, जो प्राचीन सांस्कृतिक संपर्कों की जीवंत मिसाल हैं।

कुलपति ने कहा कि प्राचीन बौद्ध नेटवर्क, व्यापारिक और सांस्कृतिक गलियारे, भाषाएं, लिपियां तथा ऐतिहासिक पांडुलिपियां इन क्षेत्रों के बीच गहरे सभ्यतागत संबंधों का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। नालंदा विश्वविद्यालय इन ऐतिहासिक आयामों को अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, शोध परियोजनाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रमों के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय विभिन्न देशों के शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी स्थापित कर बौद्ध अध्ययन एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित कर रहा है।

कार्यक्रम के अंत में दोनों पक्षों ने शिक्षा, संस्कृति और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस यात्रा को वैश्विक शैक्षणिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।



# डिग्री कॉलेज को लेकर बढ़ा विवाद, कैला पंचायत के ग्रामीण उतरे समर्थन में



नगरनौसा (अपना नालंदा)। बिहार सरकार द्वारा नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय से सटे कैला पंचायत के लोदीपुर में स्थापित किए गए डिग्री कॉलेज को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एक ओर जहां प्रखंड के कुछ लोग कॉलेज को लोदीपुर से स्थानांतरित कर नगरनौसा स्थित बालिका विद्यालय परिसर में संचालित करने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अब कैला पंचायत के ग्रामीण भी कॉलेज के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं।

कॉलेज स्थानांतरण की मांग को लेकर पिछले कुछ दिनों से विरोध प्रदर्शन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे जाने की गतिविधियां चल रही हैं। विरोध करने वाले लोगों का तर्क है कि कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय के निकट बालिका विद्यालय परिसर में संचालित किए जाने से अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी और आवागमन भी सुगम होगा।

हालांकि इस मांग के विरोध में कैला पंचायत के ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिहार सरकार ने क्षेत्र की शैक्षणिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लोदीपुर में डिग्री कॉलेज की स्थापना की है। ऐसे में कॉलेज को यहां से स्थानांतरित करना पंचायत और आसपास के गांवों के छात्रों के हितों के खिलाफ होगा।

कॉलेज को लोदीपुर में ही बनाए रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए अवसर खुले हैं और इससे स्थानीय विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से कॉलेज को वर्तमान स्थान पर ही संचालित रखने की मांग की है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कॉलेज को लेकर किसी प्रकार का राजनीतिक या क्षेत्रीय विवाद खड़ा करने के बजाय शिक्षा के विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिए। फिलहाल कॉलेज के स्थान को लेकर दोनों पक्षों की ओर से अपनी-अपनी मांगों को लेकर गतिविधियां जारी हैं। ऐसे में अब सबकी निगाहें सरकार और शिक्षा विभाग के अगले निर्णय पर टिकी हुई हैं।

# थरथरी जदयू को मिला नया नेतृत्व, शैलेन्द्र कुमार बने प्रखंड अध्यक्ष



थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) संगठन को नया नेतृत्व मिल गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा शैलेन्द्र कुमार को जदयू का नया प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके प्रखंड अध्यक्ष बनने की घोषणा के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकास कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के पुराने और नए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाया जाएगा तथा पार्टी मंच के माध्यम से उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि जदयू हमेशा विकास, सामाजिक न्याय और जनहित की राजनीति के लिए जानी जाती रही है। पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं के सहयोग और नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

इस अवसर पर पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में विनोद कुमार, सन्नी कुमार, आनंद मोहन, अनुज कुमार, कृष्ण प्रसाद, राजीव कुमार, मनोज कुमार और रौशन कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में थरथरी प्रखंड में जदयू संगठन और अधिक मजबूत होकर जनता के बीच अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराएगा।









# बिहारशरीफ रेड क्रॉस शिविर में 205 मरीजों को मिली निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श उपलब्ध कराना था।

शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। कुल 205 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 40 मरीजों, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 65 मरीजों तथा फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र कुमार एवं डॉ. इंद्रजीत कुमार ने 80 मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी। वहीं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 लोगों का उपचार एवं परामर्श किया। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 30 मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में 40 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई।

लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे निःशुल्क शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं। सोसाइटी ने बताया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।

शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन सुधीर कुमार, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार, मोहम्मद अखलाक अहमद सहित कई आजीवन सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

सदस्यों ने पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित कर शिविर को सफल बनाया।

# प्रो. रत्नेश अमन के प्राचार्य बनने पर कुशवाहा छात्रावास में अभिनंदन समारोह



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रामचंद्रपुर स्थित कुशवाहा छात्रावास में रविवार को नरेंद्र कॉलेज के प्राध्यापक प्रो. रत्नेश अमन को नूरसराय डिग्री कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त किए जाने पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता छात्रावास अध्यक्ष डॉ. चंदेश्वर प्रसाद ने की।

कार्यक्रम में छात्रावास कार्यकारी समिति के सदस्यों एवं समाज के बुद्धिजीवियों ने प्रो. रत्नेश अमन को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, सामाजिक सरोकारों और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर छात्रावास के उपसचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रो. रत्नेश अमन हमेशा सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उनके नेतृत्व और कार्यशैली से समाज के लोगों को निरंतर प्रेरणा मिलती रही है। उन्होंने कहा कि नूरसराय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य पद पर उनकी नियुक्ति पूरे नालंदा जिले के लिए गौरव की बात है और इससे शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी।


समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रो. अमन अपने अनुभव, ज्ञान और प्रशासनिक क्षमता के बल पर कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण को और सुदृढ़ बनाएंगे तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में बृजनंदन प्रसाद, सनी कुमार, प्रो. संजय कुमार, रणबीर कुमार सिन्हा, संजय कुमार आजाद, अरुण कुमार, प्रो. परमेश्वर दयाल, चमेली वर्मा, सुरेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाज के बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने प्रो. रत्नेश अमन के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।







# नालंदा में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें : डीएम

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की संभावित कमी को लेकर फैल रही चर्चाओं के बीच जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया है कि नालंदा में ईंधन और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीजल या गैस सिलिंडर का भंडारण नहीं करने की अपील की है।शनिवार को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसरs तथा जिला के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल सेल्स ऑफिसर ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। तीनों प्रमुख तेल कंपनियों के अधिकारियों ने भी बताया कि खपत के अनुरूप लगातार आपूर्ति की जा रही है तथा ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।जिला पदाधिकारी ने सभी कंपनियों को निर्देश दिया कि मांग में संभावित वृद्धि को देखते हुए पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा पेट्रोल पंपों पर सामान्य स्टॉक के अतिरिक्त 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि वितरण में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर संबंधित अधिकारी तत्काल समन्वय स्थापित कर उसका समाधान करें और जिला प्रशासन को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि किसी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो।

रसोई गैस की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान नोडल पदाधिकारी एलपीजी ने बताया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7,942 घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि घरेलू गैस की उपलब्धता भी सामान्य बनी हुई है।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) परियोजना की प्रगति की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव के कई वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा न्यू नालंदा विश्वविद्यालय, बिहार पुलिस अकादमी तथा आयुध निर्माणी परिसर में भी पीएनजी नेटवर्क स्थापित किया जा चुका है।

डीएम ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां के उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन का उद्देश्य एलपीजी सिलिंडरों पर निर्भरता कम कर सुरक्षित, किफायती और निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करना है। अब तक जिले में 1,992 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है।

उन्होंने इंडियन ऑयल-अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, छात्रावासों, सामुदायिक रसोईघरों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए।

# ईद-उल-अज़हा त्याग, मानवता और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन बिहार के प्रदेश अध्यक्ष एवं सज्जादा नशीन सूफ़ी महताब आलम चिश्ती निज़ामी ने ईद-उल-अज़हा (बकरीद) के अवसर पर लोगों से अमन, भाईचारे, स्वच्छता और कानून का पालन करते हुए त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अज़हा केवल कुर्बानी का पर्व नहीं, बल्कि त्याग, सब्र, इंसानियत और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देने वाला महान त्योहार है।

उन्होंने कहा कि इस्लाम में कुर्बानी का उद्देश्य दिखावा नहीं, बल्कि अल्लाह की रज़ा प्राप्त करना और हज़रत इब्राहीम की सुन्नत का पालन करना है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वे कुर्बानी को इबादत के रूप में करें और सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो तथा रील बनाकर उसका प्रदर्शन करने से बचें। ऐसे किसी भी पोस्ट या सामग्री को साझा नहीं करना चाहिए जिससे दूसरे धर्मों के लोगों की भावनाएं आहत हों।

सूफ़ी महताब आलम चिश्ती निज़ामी ने कहा कि भारत एक संवैधानिक देश है, इसलिए त्योहार मनाते समय कानून और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। केवल वैध और शरीयत के अनुसार अनुमत पशुओं की ही कुर्बानी दी जानी चाहिए तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों और नियमों का पालन किया जाना चाहिए। सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और चौराहों पर कुर्बानी से बचना चाहिए।

उन्होंने स्वच्छता को इस्लाम की मूल शिक्षा बताते हुए कहा कि कुर्बानी के बाद रक्त, अवशेष और अन्य कचरे का समुचित निस्तारण किया जाए ताकि आसपास के लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पड़ोसियों तथा अन्य धर्मों के लोगों की भावनाओं का सम्मान करना भी इस्लाम की महत्वपूर्ण शिक्षा है।

उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे बाइक स्टंट, भीड़भाड़, हंगामा और किसी भी प्रकार के उकसावे से दूर रहें। सोशल मीडिया पर अफवाहों और भड़काऊ संदेशों को साझा करने से बचें तथा किसी विवाद की स्थिति में प्रशासन को सूचना दें। उन्होंने कहा कि ईद की वास्तविक खुशी तभी है जब गरीब, जरूरतमंद, विधवा, यतीम और मजदूर परिवार भी खुशहाल हों। इसलिए कुर्बानी के गोश्त और अन्य संसाधनों में जरूरतमंदों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

सूफ़ी महताब आलम चिश्ती निज़ामी ने कहा कि ईद-उल-अज़हा हमें त्याग, धैर्य, सेवा, स्वच्छता और भाईचारे का संदेश देती है। हमें ऐसा आचरण करना चाहिए जिससे समाज के सामने इस्लाम की सुंदर, शांतिपूर्ण और मानवीय छवि प्रस्तुत हो तथा देश में अमन और सद्भाव का वातावरण मजबूत बने।






# भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला में सेवा, संस्कार और समर्पण का संदेश, 25 शाखाओं के 200 प्रतिनिधियों ने लिया भाग







संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारत विकास परिषद दक्षिण बिहार प्रांत पूर्व क्षेत्र की प्रांतीय कार्यशाला रविवार को बिहारशरीफ के पतासंग स्थित एलिजियम अर्क रिजॉर्ट्स में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला में दक्षिण बिहार प्रांत की लगभग 25 शाखाओं से आए करीब 200 कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिषद की विचारधारा, संगठनात्मक गतिविधियों तथा सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद बिहारश्री शाखा द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत किया गया। वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ कार्यशाला का औपचारिक आरंभ हुआ, जिससे पूरे वातावरणमें राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।


कार्यशाला में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह एवं प्रांतीय सचिव डॉ. रंजन आशुतोष शरण ने उपस्थित प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए परिषद के उद्देश्यों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद केवल एक सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक सशक्त मंच है, जो समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर उड़ीसा से आए क्षेत्रीय संगठन सचिव पूर्णचंद्र खुटिआ, क्षेत्रीय संयोजक डी.के. शर्मा, क्षेत्रीय संयोजिका रेनू वार्ष्णेय, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. अमरनाथ प्रसाद, क्षेत्रीय संयोजिका डॉ. शांति सिंह, राष्ट्रीय सदस्य डॉ. एच.एन. भारद्वाज, क्षेत्रीय महासचिव डॉ. बाल्मीकि कुमार, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव मुकेश कुमार, पंकज कुमार तथा डॉ. रतन संथालिया सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने परिषद के पांच प्रमुख आधार स्तंभ —संपर्क, सेवा, सहयोग, संस्कार और समर्पण —को संगठन की आत्मा बताते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि परिषद का प्रत्येक सदस्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा कार्यों में योगदान दे तथा लोगों को संगठन की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास करे।

कार्यशाला के दौरान परिषद के नियम, अनुशासन, संगठनात्मक संरचना और कार्यपद्धति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता के लिए अनुशासन अत्यंत आवश्यकहै। बिना अनुशासन के कोई भी संस्था अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकती। उन्होंने बच्चों में संस्कार निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जल सेवा, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे कार्यों को समाज सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

अंत में उपस्थित सदस्यों ने सेवा और समर्पण की भावना के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बिहारश्री शाखा के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






# निवेशकों की सुरक्षा और विश्वास सर्वोच्च प्राथमिकता, बिहार बनेगा उद्योगों का केंद्र : मुख्यमंत्री




जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा निवेशकों की सुरक्षा और विश्वास उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिहार में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को हर संभव सुविधा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित "व्यवसायिक समागम" कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1926 में स्थापित बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने पिछले 100 वर्षों में राज्य के आर्थिक विकास और औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार चाहती है कि उद्योग जगत और व्यापारिक समुदाय के सहयोग से बिहार को समृद्धि और विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग स्थापना के लिए सबसे जरूरी दो बातें हैं—भरोसा और सुरक्षा। इन्हीं दोनों आधारों को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि निजी निवेश आकर्षित करने के लिए बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 लागू किया गया है और आवश्यकता पड़ने पर इसमें और सुधार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्योग नीति में बदलाव संबंधी सुझावों का सरकार स्वागत करेगी। निवेशकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक तीन महीने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित है और अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा रही है। कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता। अपराधी की कोई जाति या धर्म नहीं होता, इसलिए कानून सभी पर समान रूप से लागू होगा। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी सरकार की है।

मुख्यमंत्री ने राज्य में चल रही आधारभूत संरचना परियोजनाओं की चर्चा करते हुए बताया कि अगले तीन वर्षों में गंगा और सोन नदी के किनारे 126 किलोमीटर लंबा मरीन ड्राइव विकसित किया जाएगा। उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने के लिए कई नए पुलों का निर्माण किया जा रहा है। राघोपुर पुल का उद्घाटन जल्द होगा, जिससे उत्तर बिहार के कई जिले सीधे पटना से जुड़ जाएंगे। इसके अलावा दक्षिण बिहार में जल संकट के समाधान के लिए सोन नदी पर बराज निर्माण की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में छह लाख करोड़ रुपये के निवेश से नई ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित की जाएंगी। एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने, बंद चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में भी सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार 14 करोड़ लोगों का बड़ा बाजार है और यहां निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। उद्देश्य यह है कि बिहार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और भविष्य में दुनिया के विभिन्न देशों के छात्र भी बिहार में शिक्षा प्राप्त करने आएं।

कार्यक्रम के दौरान बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पी.के. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने चैंबर द्वारा संचालित निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से बातचीत कर उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए उद्योगपति, व्यापारी, चैंबर पदाधिकारी तथा कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत, संगठन विस्तार का दिया मंत्र: संजय सरावगी



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत पूर्वी चंपारण जिले के ढाका और रक्सौल संगठन जिलों में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं को संगठन, राष्ट्रवाद और जनसेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा का संकल्प पहुंचाने का कार्य करते हैं।

मोतिहारी के बरियारपुर स्थित रामसन प्लाजा में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं में वैचारिक चेतना, संगठनात्मक अनुशासन और सेवा भाव को सशक्त बनाने का व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल दर्शन एकात्म मानववाद और अंत्योदय पर आधारित है, जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय सहभागी और समाज का सजग प्रहरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने तथा समाज के सभी वर्गों के बीच सतत संवाद बनाए रखने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संगठन और सरकार के बेहतर समन्वय से विकसित बिहार और समृद्ध भारत के संकल्प को नई गति मिल रही है।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष रक्सौल संगठन जिला के हरसिद्धि स्थित चम्पारण बैंक्वेट एंड रिसॉर्ट में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में भी शामिल हुए। वहां उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित, जागरूक और अनुशासित कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की वास्तविक पूंजी होते हैं। ऐसे प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करते हैं।


इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी नरकटियागंज पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा नेता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य लाल बाबू गुप्ता की दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि माता-पिता का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है और उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। ऐसे कठिन समय में समाज और संगठन को परिवार के साथ मजबूती से खड़ा रहना चाहिए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सहनी, विधायक राणा रणधीर सिंह, विधायक लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, डॉ. नूतन माला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक विषयों, वैचारिक सुदृढ़ीकरण और जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# मलमास मेला ड्यूटी कर्मियों के लिए विशेष बस सेवा शुरू, सुबह 5 बजे समाहरणालय से होगी रवाना

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय राजगीर मलमास मेला-2026 के सफल एवं सुचारु आयोजन को लेकर जिला प्रशासन लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर राजगीर मलमास मेला में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष बस सेवा शुरू की गई है।जिला परिवहन विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे समाहरणालय परिसर, बिहारशरीफ से राजगीर मेला क्षेत्र के लिए बस का संचालन किया जा रहा है। इस व्यवस्था का उद्देश्य मेला ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यस्थल तक पहुंचाना है, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निर्धारित समय पर और प्रभावी ढंग से कर सकें।



# दरधा नदी किनारे विशेष स्वच्छता अभियान, अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी दी



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी सह जिला गंगा समिति की अध्यक्ष अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर पटना-गया मुख्य सड़क स्थित दरधा नदी पुल के दोनों किनारों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नदी क्षेत्र में फैले कूड़ा-कचरे को हटाया गया तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर आवश्यक कदम उठाए गए।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ लोगों द्वारा पुल के नीचे और नदी किनारे बड़े पैमाने पर कूड़ा-कचरा फेंका जा रहा था, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो रहा था। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नदी क्षेत्र को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के निर्देश दिए। आदेश के अनुसार प्रत्येक शनिवार को नगर परिषद की टीम सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में नियमित सफाई अभियान चलाएगी। इस अभियान की निगरानी जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे, अमित कुमार द्वारा की गई।

निरीक्षण के दौरान नदी किनारे खाली भूमि पर गिट्टी, बालू और अन्य निर्माण सामग्री रखकर अतिक्रमण किए जाने का मामला भी सामने आया। संबंधित लोगों को तत्काल सामग्री हटाने का निर्देश दिया गया।

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में नदी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मेडिकल संस्थानों एवं अस्पताल संचालकों को बायोमेडिकल कचरा नदी किनारे नहीं फेंकने का निर्देश दिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि नदी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जहानाबाद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचने की अपील



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा गैस एजेंसी संचालकों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले की एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले में कार्यरत सभी 19 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है। सिलेंडरों की औसत डिलीवरी अवधि 4.15 दिन दर्ज की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को समय करें।पर गैस उपलब्ध हो रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक रूप से पैनिक बुकिंग करने से बचें।जिला प्रशासन द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में एक गैस एजेंसी सहित तीन अन्य स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। अब तक जिले में कुल 691 स्थानों पर छापेमारी एवं निरीक्षण अभियान चलाया जा चुका है। प्रशासन के अनुसार कहीं से भी अवैध कालाबाजारी अथवा जमाखोरी की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

जिले में 24 घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष (06114-223013) पर शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से पुनः अपील की है कि गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए अफवाहों से बचें और आवश्यकतानुसार ही बुकिंग

# दीदी अधिकार केंद्र से ग्रामीण महिलाओं को मिला न्याय, सम्मान और आत्मविश्वास




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिले के काको प्रखंड स्थित "दीदी अधिकार केंद्र" ग्रामीण महिलाओं के लिए न्याय, परामर्श और सशक्तिकरण का प्रभावी मंच बनकर उभर रहा है। जीविका के अंतर्गत संचालित यह केंद्र महिला स्तरीय संघ द्वारा संचालित किया जा रहा है, जहां महिलाओं को घरेलू हिंसा, सामाजिक उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, कानूनी सहायता तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है।प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, काको के सहयोग से संचालित इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। केंद्र में महिलाओं को सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण प्रदान किया जाता है, जहां वे अपनी समस्याओं को खुलकरसाझा कर सकती हैं केंद्र से जुड़ी महिलाएंऔर विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर सकती हैं।

घरेलू हिंसा, बाल विवाह, संपत्ति अधिकार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और महिला अधिकारों से जुड़े विषयों पर समुदाय में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही हैं। कई महिलाएं सामाजिक दबाव, भय और जानकारी के अभाव में अपनी समस्याएं सामने नहीं ला पाती थीं, लेकिन दीदी अधिकार केंद्र के माध्यम से उन्हें अपनी बात रखने और उचित सहायता प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। केंद्र द्वारा व्यक्तिगत परामर्श, सामुदायिक संवाद तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जरूरतमंद महिलाओं को सहायता दिलाई जा रही है। जिला प्रशासन ने महिलाओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या सामाजिक अन्याय की स्थिति में निकटतम दीदी अधिकार केंद्र, महिला हेल्पलाइन अथवा प्रशासनिक इकाइयों से संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त करें। प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# तीन वर्षों से फरार हत्या प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, बढ़ी पुलिस सक्रियता

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद पुलिस इन दिनों अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर लगातार सक्रिय अभियान चला रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की नियमित निगरानी और रात्रि गश्त के कारण जिले के विभिन्न थानों में पुराने मामलों की समीक्षा कर फरार आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। इससे अपराधियों में भय का माहौल बना है और पुलिसकर्मियों का मनोबल भी बढ़ा है।

पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं तथा थानों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों के अचानक निरीक्षण और सक्रिय नेतृत्व का असर पुलिस कार्यप्रणाली पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

इसी क्रम में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के दौरान नगर थाना कांड संख्या 941/23 के प्राथमिक अभियुक्त मो. अली फैजान अरमान, पिता मो. अरमान अल्लाह मल्लिक, निवासी इरकी, थाना नगर, जिला जहानाबाद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी हत्या के प्रयास के मामले में पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे उसके घर इरकी से गिरफ्तार किया।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मलमास मेला के ग्राम श्री मेला में मशरूम पापड़ और नारियल लड्डू की धूम




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर में आयोजित राजकीय मलमास मेला-2026 के अंतर्गत ग्राम श्री मेला में ग्रामीण महिला कृषकों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद श्रद्धालुओं और पर्यटकों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। विशेष रूप से मशरूम का पापड़ और नारियल का लड्डू लोगों को खूब पसंद आ रहा है। कृषि विभाग के आत्मा नालंदा से संबद्ध प्रज्ञा कृषक हित समूह, तिलैया-बड़हरी (राजगीर) द्वारा लगाए गए स्टॉल पर स्थानीय कृषि उत्पादों से तैयार विभिन्न खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है।

स्टॉल पर मशरूम का पापड़, सूखा मशरूम, मशरूम पाउडर, नारियल का लड्डू, शहद, सत्तू, भूंजा, आटा तथा कई प्रकार के अचार उपलब्ध हैं। इनमें आम, आंवला और बड़हर का अचार विशेष रूप से लोगों को आकर्षित कर रहा है। इसके अलावा तले हुए मशरूम पापड़ को भी पैक कर बिक्री के लिए रखा गया है, जिसे श्रद्धालुओं ने काफी पसंद किया है। शुद्धता, स्वाद और घरेलू निर्माण प्रक्रिया के कारण इन उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है।

फार्मर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित प्रज्ञा कृषक हित समूह के अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह ने बताया कि ग्राम श्री मेला में प्रदर्शित सभी उत्पाद पूरी तरह शुद्ध, प्राकृतिक और रसायन मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिला कृषकों द्वारा अपने खेतों में उत्पादित फसलों को सीधे बाजार में बेचने के बजाय उनका प्रसंस्करण कर मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार किया जाता है। इससे उत्पादों की गुणवत्ता और उपयोग अवधि बढ़ती है, वहीं किसानों को बेहतर मूल्य भी प्राप्त होता है।

उन्होंने बताया कि फसलों को प्रोसेस कर बेचने से किसानों की आय में तीन से चार गुना तक वृद्धि संभव होती है। यही कारण है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। समूह द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद प्रतिदिन ताजा बनाए जाते हैं और स्टॉल पर सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक बिक्री की जाती है।

मेला परिसर में वीर अभिमन्यु सिंह प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्राकृतिक खेती के जिला निगरानी समिति सदस्य के रूप में वे किसानों और आगंतुकों को प्राकृतिक खाद तथा सॉयल प्रोबायोटिक्स तैयार करने की विधि की जानकारी दे रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों और जैविक विकल्पों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

जिला कृषि पदाधिकारी नितेश कुमार ने कहा कि कृषि विभाग किसानों की रुचि और आवश्यकता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। ग्रामीण महिला कृषक अब कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण कर स्वरोजगार के नए अवसर सृजित कर रही हैं। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।

ग्राम श्री मेला में ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और नवाचार का यह मॉडल आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की एक प्रेरणादायक तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है, जिसकी सराहना मेला में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक भी कर रहे हैं।

# रोहन नक्षत्र शुरू, नगरनौसा में किसानों को नहीं मिला अनुदानित धान बीज

नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड में धान खेती किसानों की मुख्य आजीविका का आधार है। हर वर्ष यहां बड़े पैमाने पर धान की खेती की जाती है। धान रोपनी के लिए बिचड़ा तैयार करने का शुभ नक्षत्र 'रोहन प्रवेश' 25 मई से शुरू हो गया है। इसके साथ ही किसान खेतों की जुताई, समतलीकरण और अन्य तैयारियों में जुट गए हैं, ताकि समय पर बिचड़ा डालकर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

भीषण गर्मी के बावजूद किसान खेतों को खरपतवार मुक्त बनाने और नर्सरी तैयार करने में लगे हुए हैं। क्षेत्र के अधिकांश किसान अब अधिक उपज देने वाली हाइब्रिड एवं महीन धान की किस्मों की खेती को प्राथमिकता दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होने से उत्पादन में वृद्धि होती है, लेकिन इस वर्ष कृषि विभाग की ओर से अब तक अनुदानित एवं हाइब्रिड धान बीज उपलब्ध नहीं कराया गया है।

किसानों के अनुसार रोहन नक्षत्र शुरू होने के बावजूद कृषि कार्यालय में धान बीज नहीं पहुंचने से चिंता बढ़ गई है। यदि समय पर बीज उपलब्ध नहीं हुआ तो बिचड़ा तैयार करने में देरी होगी, जिसका असर पूरी खेती पर पड़ सकता है। नगरनौसा क्षेत्र में रोहन नक्षत्र के साथ धान बिचड़ा डालने का कार्य शुरू हो जाता है, जो जुलाई के दूसरे सप्ताह तक चलता है।

किसानों ने बताया कि हर वर्ष खरीफ और रबी मौसम से पहले कृषि विभाग द्वारा महाशिविर आयोजित कर बीज, उर्वरक और कृषि योजनाओं की जानकारी दी जाती थी, लेकिन इस बार अभी तक ऐसी कोई विशेष पहल नहीं दिख रही है। किसानों ने शीघ्र अनुदानित धान बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।









# जमुआरा कन्या विद्यालय में शिक्षक पर अनुशासनहीनता का आरोप, जांच की मांग



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नवादा जिले के नरहट प्रखंड स्थित जमुआरा कन्या विद्यालय में कार्यरत एक शिक्षक पर अनुशासनहीनता, अभद्र व्यवहार और कथित रूप से विद्यालय के कार्य संचालन में बाधा उत्पन्न करने के आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर विद्यालय परिसर में शिक्षकों, कर्मियों और अभिभावकों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय में कार्यरत शिक्षक चंदन कुमार के संबंध में आरोप लगाया गया है कि हाजिरी रजिस्टर में पहले लाल कलम से अनुपस्थित दर्ज किए जाने के बावजूद बाद में उनकी उपस्थिति अंकित कर दी गई। इस मामले को लेकर विद्यालय प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया को लेकर विद्यालय में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

विद्यालय सूत्रों के अनुसार, प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक द्वारा कथित रूप से अभद्र व्यवहार किए जाने की भी शिकायत सामने आई है। घटना के बाद विद्यालय का माहौल तनावपूर्ण बताया जा रहा है और मामले की




जांच की मांग तेज हो गई है।

इसी बीच स्थानीय समाजसेवी हिमांशु पप्पू विद्यालय पहुंचे और छात्राओं से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। उनका दावा है कि कई छात्राओं ने शिक्षक की नियमित उपस्थिति को लेकर सवाल उठाए। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण का केंद्र होता है और वहां अनुशासन एवं शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना आवश्यक है।

फिलहाल शिक्षा विभाग की ओर से मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। स्थानीय लोग जांच के बाद तथ्य सामने आने और आवश्यक कार्रवाई किए जाने की उम्मीद जता रहे हैं।

# सोखोदेवरा आश्रम में आयोजित शिव चर्चा में उमड़े शिवभक्त



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। प्रखण्ड के जेपी आश्रम स्थित राजेन्द्र भवन सोखोदेवरा में रविवार को शिव शिष्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने तथा शिव गुरु के बताए सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरु भाई एवं गुरु बहनों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए शिव शिष्य मनोज कुमार मंटू भैया ने कहा कि आज के समय में समाज को प्रेम, शांति और आपसी भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिव गुरु के मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकता है। उन्होंने सभी शिव शिष्यों से आग्रह किया कि वे समाज में मानवता, सेवा और सद्भावना का संदेश फैलाने का कार्य करें। इस दौरान गुरु भाई दिनेश प्रसाद ने कहा कि आध्यात्मिकता से ही मनुष्य को सच्ची शांति प्राप्त होती है। वहीं डॉ. सुधीर शर्मा ने लोगों से नशामुक्ति एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहयोग देने की अपील की। सुरेश यादव और सत्येंद्र कुमार सहित अन्य गुरु भाइयों एवं बहनों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिव गुरु के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना की गई तथा समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई।

बैठक में उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से इस तरह के आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया।

# नंदपुर में खेत से दो समरसेवुल और पाइप चोरी, किसानों में चिंता

संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नारदीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों खेतों में लगे समरसेवुल पंपों की चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बावजूद अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर हैं, जिससे शरारती तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

ताजा मामला नंदपुर गांव का है, जहां शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने खेत में लगे दो समरसेवुल पंप और करीब 40 किलो पाइप की चोरी कर ली। घटना की जानकारी रविवार सुबह उस समय हुई, जब खेत की देखरेख करने पहुंचे किसान ने बोरिंग स्थल पर समरसेबुल और पाइप गायब देखा।

इस संबंध में नंदपुर निवासी इंदल राजवंशी ने नारदीगंज थाना में आवेदन देकर चोरी गए सामान की बरामदगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह अमरेंद्र कुमार की खेती का कार्य देखते हैं। रविवार सुबह खेत पहुंचने पर पाया कि बोरिंग स्थल पर लगे दोनों समरसेबुल और पाइप चोरी हो चुके हैं। चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

घटना के बाद इलाके के किसानों में दहशत और चिंता का माहौल है। किसानों का कहना है कि सिंचाई के लिए समरसेबुल पंप अत्यंत आवश्यक है और इसकी चोरी से खेती का कार्य प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि चोरी में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# नारदीगंज की पंचायतों में सहयोग शिविर की तिथियां घोषित, मिलेगा त्वरित समाधान

संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। राज्य सरकार के 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत लोक सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग शिविर कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत नारदीगंज प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनिया ढनढनिया ने बताया कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और लोगों की शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 जून 2026 को ओड़ो पंचायत, 16 जून 2026 को परमा पंचायत तथा 7 जुलाई 2026 को इचुआकरना पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 21 जुलाई 2026 को पेश पंचायत और 8 अगस्त 2026 को ननौरा पंचायत में शिविर लगाया जाएगा।

बीडीओ ने बताया कि शिविर के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई और समाधान किया जाएगा। साथ ही लंबित आवेदनों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन ने संबंधित पंचायतों के नागरिकों से निर्धारित तिथि पर शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर किया जा सके।

# नालंदा डाक मंडल की समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाककर्मी हुए सम्मानित







संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय डाक विभाग के नालंदा मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना एवं उपलब्धियों की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को बिहारशरीफ के टाउन हॉल में समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डाक विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, बचत योजनाओं, बीमा सेवाओं तथा डिजिटल सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक विभाग लगातार अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के लोगों तक आधुनिक एवं विश्वसनीय सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी डाककर्मियों को निर्देश दिया कि वे विभागीय योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाएं तथा अधिक से अधिक नागरिकों को डाकघर की बचत योजनाओं, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से जोड़ें।

समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न शाखाओं एवं उपडाकघरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। सर्वाधिक नए खाते खोलने के क्षेत्र में इस्लामपुर उपडाकघर के संजय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरनौत के संतोष कुमार द्वितीय तथा राजगीर के सोमन कुमार बोस तृतीय स्थान पर रहे। उत्कृष्ट कार्य के लिए इन सभी को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया।

डाक विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुमार अभिषेक को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दीपू कुमार, जितेंद्र कुमार और विशाल कुमार को भी पुरस्कृत किया गया।

डायरेक्ट एजेंट श्रेणी में कुमकुम कुमारी, सिमरन तथा विशाल कुमार को सम्मानित किया गया। वहीं पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रीति गुप्ता, रूबी कुमारी और अशोक कुमार को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त सीमा कुमारी, आलोक कुमार, प्रखर, मुन्ना कुमार, सिंकू कुमारी, मनोज कुमार और संजीव कुमार को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

प्रधान डाकघर, बिहारशरीफ के पोस्टमास्टर मनीष कुमार आनंद को सर्वाधिक खाता खोलने और विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

अपने संबोधन में डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं, बीमा सेवाओं तथा डिजिटल सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि डाकघर आज केवल पत्र और पार्सल सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुरक्षित निवेश, बीमा और डिजिटल वित्तीय सेवाओं का भरोसेमंद केंद्र बन चुका है।

कार्यक्रम में पोस्टमास्टर मनीष कुमार आनंद, डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार, विकास राय, इंद्रेश विक्रांत, रंजीत रजक, डिप्टी पोस्टमास्टर अमलेश कुमार, मिथलेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार सहित नालंदा मंडल के सभी डाककर्मी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह का समापन सम्मान वितरण एवं विभागीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया गया।

# राष्ट्रवाद, सेवा और संगठन पर केंद्रित रहा भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर








संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी, नालंदा द्वारा पावापुरी स्थित श्वेताम्बर जैन तीर्थ भंडार में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण वर्ग में जिले भर से आए भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था।

समापन दिवस पर भाजपा नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना तथा प्रशिक्षण महाभियान प्रभारी संदीप कुमार मिंटू सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन प्रदेश आईटी सेल संयोजक विकास मेहता, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री पूनम शर्मा, अचल कुमार सिन्हा, मुंगेर विधायक प्रणय कुमार तथा पूर्व सह-क्षेत्रीय प्रभारी राजेंद्र भंडारी ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक पृष्ठभूमि और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि "भारत हमारे लिए राष्ट्रभूमि है, माता हमारी संस्कृति है और जय जन-जन की आकांक्षा का प्रतीक है।" उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रसेवा है तथा पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व सह-क्षेत्रीय प्रभारी राजेंद्र भंडारी ने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा समाज के हर वर्ग तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई प्रेरक प्रसंग साझा किए, जिससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग के दौरान संगठन विस्तार, नेतृत्व विकास, जनसंपर्क, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ प्रशिक्षण महाभियान का औपचारिक समापन हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. रामसागर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, राजेश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर सिंह, साबो देवी, तेजस्विता राधा, डॉ. अशुतोष कुमार, जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, जिला मंत्री अमरेश कुमार, योगेंद्र मंडल, राजू माहुरी, कंचन चंद्रवंशी, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, आईटी सेल संयोजक अमित शान, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरव जैन सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।